हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार 21 अक्टूबर 2026

9 निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने की नारेबाजी



10 झज्जर व बहादुरगढ़ में डांडिया-गरबा की धूम



खबर संक्षेप

एकमुश्त कर निपटान योजना की अंतिम तिथि 30 नवंबर



झज्जर। डीसी वर्षा खांगवाल ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा छोटे व्यापारियों को लाभ देने के लिए शुरू की गई एकमुश्त निपटान स्कीम को व्यापारियों ने प्राथमिकता देते हुए उसका भरपूर लाभ उठाया है। इस स्कीम की कामयाबी को देखते हुए सरकार द्वारा एक बार फिर निपटान योजना की तिथि को बढ़ाकर अब 30 नवंबर कर दिया है। व्यापारी वर्ग अब 30 नवंबर तक इस योजना का लाभ उठाकर पुराने बकाया करों का भुगतान सकते हैं।

डीसी आज बहादुरगढ़ में सुनेंगी जनसमस्याएं

बहादुरगढ़। शहर के लघु सचिवालय स्थित कैंप कार्यालय में बुधवार को बहादुरगढ़ क्षेत्र के नागरिकों की जनसुनवाई होगी। डीसी वर्षा खांगवाल बुधवार सुबह 11 बजे नागरिकों की समस्याएं सुनेंगी और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देंगी। जनसुनवाई के दौरान सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे ताकि नागरिकों की शिकायतों पर उचित कार्रवाई की जा सके।

चोरी मामले में पकड़े गए आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

झज्जर। क्षेत्र के गांव खुड्डन में एक मकान में हुई चोरी मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक टीम द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सुमित उर्फ मोनू निवासी गांव खुड्डन, जिला झज्जर तथा विनय कुमार निवासी नरेला, दिल्ली के रूप में हुई है। आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई करते हुए स्थानीय अदालत में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया गया है।

श्याम वंदना महोत्सव 31 अक्टूबर को

बहादुरगढ़। श्री श्याम गुणगान मंडल की ओर से जौहरी नगर स्थित राधे फार्म हाउस में 31 अक्तूबर को 10वां श्री श्याम वंदना महोत्सव मनाया जाएगा। प्रधान अश्वनी वशिष्ठ, संरक्षक सुनील पंवार ने बताया कि बाबा कालिदास कृष्णानंद परमहंस, महामंडलेश्वर स्वामी गणेशानंद गिरी महाराज व महंत गणेश बाबा महाराज के सान्निध्य में महोत्सव होगा। भजन प्रवाहक शुभम चौहान, राजू हंस, पावनी खुराना, वेदप्रकाश, पंकज शर्मा व निरंजन शर्मा व दीपांशु बाबा की महिमा का बखान करेंगे। श्री श्याम निष्काम सेवा परिवार की ओर से चरण पादुका व भंडारा वितरण सेवा की जाएगी।

पूरे जिले में धूमधाम से मनाया दशहरा पर्व, रावण व उसके परिवार के पुतलों का किया दहन

सच्चाई की आग में जली बुराई

बहादुरगढ़ में पुराने कोर्ट परिसर में विधायक राजेश जून ने पुतलों का दहन किया, आतिशबाजी ने मोहा मन





- विधायक राजेश जून ने मेले में मौजूद लोगों से भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया
- दशहरा समारोह के दौरान भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों ने निगरानी रखी।

बहादुरगढ़। रावण के पुतले को आग लगाते विधायक राजेश जून व अन्य।



झज्जर। रामलीला मैदान में धू धू कर जलते हुए रावण, मेघनाद व कुंभकर्ण के पुतले।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

शहर के पुराने कोर्ट परिसर में विजयदशमी पर रावण दहन देखने के लिए असंख्य लोगों की भीड़ उमड़ी। विधायक राजेश जून ने रावण, मेघनाद और कुंभकर्ण के पुतलों को आग के हवाले किया। उनके साथ विराट दलबीर मान, शहर कांग्रेस अध्यक्ष कमल अरोड़ा व प्रदीप यादव समेत कई पार्षद मौजूद रहे।

मंगलवार को सुबह से ही घरों में अपराजिता पूजन, सरस्वती पूजन व शस्त्र पूजन विधि विधान से किया गया। विजय का प्रतीक दशहरा पर्व बहादुरगढ़ में पूरी श्रद्धा व उल्लासपूर्वक मनाया गया। सनातन धर्म परोपकारी सभा द्वारा शहर के पुराने कोर्ट परिसर में सायंकाल करीब पौने 6 बजे बुराई के प्रतीक रावण के कुनबे के पुतलों को आग के हवाले किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक राजेश जून ने मेले में मौजूद लोगों से भगवान राम के चरित्र से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि हमें अच्छे विचार ग्रहण करने चाहिए, तभी समाज का भला हो सकता है। इस दौरान भीड़ 'जय श्री राम' का जयघोष करती रही। विराट दलबीर मान ने पुतलों का दहन करने के बाद लोगों से सामाजिक बुराई त्यागने का आह्वान किया। कई अन्य स्थानों पर रावण के पुतले आग के हवाले किए गए।

चौक-चौराहों पर तैनात रहे पुलिस कर्मी

बहादुरगढ़। दशहरे के मद्देनजर मंगलवार को शहर में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। प्रमुख चौराहों पर पुलिसकर्मी तैनात रहे, वहीं मेन बाजार और रेलवे रोड सहित भीड़भाड़ वाले इलाकों में सादे कपड़ों में भी पुलिसकर्मियों ने निगरानी रखी। पुराना कोर्ट परिसर में रावण दहन स्थल व आसपास सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए और बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। पुलिसकर्मी दिनभर सड़कों पर यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने में जुटे रहे, जबकि बाजारों और अन्य भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नजर बनाए रखी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि त्योहार के दौरान शांति और कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस जवानों की तैनाती के साथ संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों पर नजर रखी जा रही है। अधिकारियों ने आमजन से व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि या घटना की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।



विजय जुलूस निकाल फूंका अहंकार का पुतला

- गांव दुजाना, बेरी, जहाजगढ़ आदि कई जगह जलाए पुतले

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

श्री प्राचीन रामलीला कमेटी द्वारा रामलीला मैदान में मंगलवार को रावण दहन के साथ दशहरा पर्व मनाया गया। रामलीला मंचन के दौरान पूरा दिन युद्ध के नाम रहा। संजीवनी बूटी से मूर्छा से बाहर आए लक्ष्मण ने फिर से रावण पुत्र मेघनाद से लड़ने का निर्णय लिया और युद्ध के लिए उठ खड़े हुए। इसके बाद लक्ष्मण के हाथों युद्ध के दौरान मेघनाद का मारा जाना। श्रीराम चंद्र के साथ हुए युद्ध में महाबली कुंभकर्ण सहित एक-एक करके रावण दल के सभी योद्धाओं का खात्मा हो गया। इसके बाद लंकापति रावण भी श्रीराम चंद्र से लड़ते हुए मारा गया। श्रीराम चंद्र जी ने वेदों के ज्ञाता रावण से सीख लेने के लिए अपने भाई लक्ष्मण को भेजा तो उन्होंने सीख दी की विपरित परिस्थितियों में भी अपने भाई या परिवार वालों का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार तुमने हर परिस्थिति में अपने भाई का साथ दिया और तुम विजय के प्रतीक बने तथा मैंने अपने भाई से दुश्मनी की तो मेरा विनाश होता चला गया। यदि मेरा भाई मेरी नाभी में अमृतकुंड होने की बात तुमसे नहीं बताता तो मेरा मरना नामुमकिन था।

उधर, बाद में शहर में विजय जुलूस निकाला गया। इस दौरान पूर्व मंत्री औमप्रकाश धनखड़, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, समाजसेवी मनीष बंसल सहित काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। उधर, श्री लवकुश रामलीला कमेटी, श्री विकास रामलीला कमेटी और गांव दुजाना, बेरी, जहाजगढ़ सहित अन्य स्थानों पर रावण के पुतले का दहन किया गया।

कार पेड़ से टकराई, सास-बहू की मौत, तीन अन्य घायल

- सोनीपत से बेरी में धार्मिक आयोजन के लिए जा रहा था परिवार, कार के सामने अचानक कुत्ता आने की वजह से हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव गोच्छी के नजदीक हुए एक सड़क हादसे में दो महिलाओं की मौत हो गई, जबकि कार सवार एक युवक और उसके दो मासूम बच्चों को हल्की चोटें आई हैं। यह हादसा उस समय हुआ जब अचानक एक कुत्ता गाड़ी के सामने आ गया और गाड़ी चालक संतुलन खो बैठा। इसके बाद गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई।

मृतक महिलाओं की पहचान सोनीपत जिले के ठसका गांव निवासी कोमल पत्नी हैप्पी और मुनेश पत्नी संजीव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, हैप्पी अपनी पत्नी कोमल, मां मुनेश और दो बच्चों के साथ कार में सवार होकर धार्मिक आयोजन में शमिल होने के लिए बेरी जा रहा था। जब उनकी कार गोच्छी गांव के पास पहुंची तो अचानक सामने एक कुत्ता आ गया। कुत्ते को बचाने के प्रयास में चालक हैप्पी कार पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में जहां कार सवार मुनेश की मौके पर ही मौत हो गई, वहीं गंभीर रूप से घायल कोमल को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

कार सवार हैप्पी और दोनों बच्चों को हल्की चोटें आईं। उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। मामले की जांच अधिकारी अनिता ने बताया कि स्थानीय नागरिक अस्पताल में मृतका के मुनेश के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। परिवार में एक साथ दो महिलाओं की मौत से दुखों का पहाड़ टूट गया है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

डॉ. अरविंद शर्मा ने स्वतंत्रता सेनानी हजारीलाल के नाम पर टांडाहेड़ी-जाखौदा सड़क का नामकरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने मंगलवार को गांव टांडाहेड़ी में स्वतंत्रता सेनानी चौधरी हजारीलाल के नाम पर सड़क का नामकरण किया। इसके उपरांत उन्होंने बाबा हरिदास मंदिर में पूजा-अर्चना की। हवन में आहुति भी डाली। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले महान स्वतंत्रता सेनानियों का सम्मान करना केवल हमारा कर्तव्य ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है।

कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने स्वतंत्रता सेनानी चौधरी हजारीलाल को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके नाम पर सड़क का नामकरण करना उनके संघर्ष, देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति समर्पण को सम्मान देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि अब इस सड़क से गुजरने वाला प्रत्येक व्यक्ति स्वतंत्रता सेनानी चौधरी हजारीलाल के योगदान को याद करेगा। विशेष रूप से युवा पीढ़ी को यह जानने और समझने का अवसर मिलेगा कि देश को आजादी दिलाने के लिए हमारे पूर्वजों ने कितने संघर्ष किए और कितनी कुर्बानियां दीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश अपने स्वतंत्रता सेनानियों और महापुरुषों की गौरवशाली विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा सरकार भी स्वतंत्रता सेनानियों के सम्मान और उनके योगदान को चिरस्थायी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। विधायक राजेश जून ने भी कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों, विचारों और राष्ट्रसेवा की भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना जरूरी है। युवाओं को स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम अभिनव सिवाच, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश भारद्वाज, पूर्व जिलाध्यक्ष राजपाल जांगड़ा, चेयरपर्सन विनोद कौशिक, कपूर सिंह दलाल, मुकेश कौशिक, आजाद दलाल, डॉ. पंकज जैन, रणधीर दलाल, संजय जून, भीम सिंह प्रणामी, धर्मपाल वशिष्ठ, संतराम शर्मा, सरपंच भगत सिंह, विनोद जून, मनोज वशिष्ट व देवेंद्र जून आदि उपस्थित रहे।



बहादुरगढ़। स्वतंत्रता सेनानी हजारी लाल के नाम पर सड़क का नामकरण करते मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा।

सोशल मीडिया पर अपराधियों के महिमा मंडन पर होगी कार्रवाई

झज्जर। सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों का महिमामंडन करने वालों पर जिला पुलिस की विशेष नजर रहेगी। पुलिस ऐसे लोगों की गतिविधियों पर निगरानी रखेगी, जो अपराधियों को हीरो के रूप में प्रस्तुत कर युवा पीढ़ी को गलत दिशा में प्रभावित करने का प्रयास करते हैं। इस संबंध में डीसीपी मुख्यालय फैसल खान ने कहा कि सोशल मीडिया पर अपराधियों का महिमामंडन करना समाज और युवाओं के भविष्य के लिए हानिकारक हो सकता है। उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी को नशे और अपराध से दूर रखने के लिए हरियाणा सरकार और पुलिस विभाग की ओर से चलाए जा रहे अभियानों में सभी लोगों को सहयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया आज के समय में जनमानस को प्रभावित करने का एक प्रमुख माध्यम है। ऐसे में इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल सकारात्मक संदेश देने और युवाओं को सही दिशा दिखाने के लिए किया जाना चाहिए।

मिसेज सुपर मॉडल वर्ल्डवाइड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने आईं मॉडल्स पहुंचीं गांव

25 देशों की सुंदरियों ने लोवा खुर्द में नशे के खिलाफ बोला हल्ला

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

रूबरू इवेंट ग्रुप की ओर से आयोजित किए जा रहे मिसेज सुपर मॉडल वर्ल्डवाइड कॉन्टेस्ट में हिस्सा लेने आईं विभिन्न देशों की सुंदरियों ने मंगलवार को बहादुरगढ़ के गांव लोवा खुर्द पहुंचकर महिला सशक्तीकरण और नशे के खिलाफ जागरूकता का संदेश दिया। रूबरू इवेंट ग्रुप के निदेशक संदीप कुमार अपने पैतृक गांव लोवा खुर्द में अंतरराष्ट्रीय प्रतिभागियों को लेकर पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने उनका स्वागत किया। इस दौरान विदेशी मेहमानों ने ग्रामीणों के साथ संवाद कर सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया।



बहादुरगढ़। नशे के विरुद्ध और महिला सशक्तीकरण को लेकर जागरूक करतीं विश्व सुंदरियां।

यह मॉडल ले रही हैं हिस्सा

प्रतिभागियों में इथियोपिया की एडोम डेरेजे माइकल, जॉर्जिया की लिया गुगुशविली, भारत की नेहा सिंह, कजाखस्तान की मलिका बेसेक, किर्गिस्तान की एलिमा बेकबोलिएवा, लेबनान की अलसायघ सफा, फिलीपींस की एंजेल लॉर नोसिडल, बेलारूस की यूलियाना शेल्यूटा, कैस्पियन की अदिया अक्स्योनकिना, मध्य एशिया की ओक्साना बोब्रीशेवा, एस्टोनिया की लेइली गैनुतदीनोवा, फिनलैंड की ऐगेरिम कोस्सीबायेवा, कजाखस्तान की लिलिया जिनचेंको, किर्गिस्तान की अंजेलिका कैरातोवा, लेबनान की अल जमाल रिमी, न्यूजीलैंड की ट्रिशिया, फिलीपींस की मा. अल्थिया फाये गार्सिया गेरांटा, अमेरिका की ल्यूडमिला और जॉय म्वांगी, कजाखस्तान की शोलपान येलुबायेवा, रूस की वेरोनिका, कजाखस्तान की इनेसा नजारोवा, किर्गिस्तान की इरीना शामिल रहीं।

हरियाणवी गीतों पर झूमीं मॉडल्स

मिसेज सुपर मॉडल वर्ल्डवाइड कॉन्टेस्ट का फाइनल 25 अक्टूबर को जयपुर में आयोजित किया जाएगा। प्रतियोगिता में विभिन्न देशों की प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं। लोवा खुर्द में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सभी ने नशे के खिलाफ एकजुट होकर जागरूकता फैलाने का संकल्प दोहराया। गांव के शिव मंदिर में आयोजित कार्यक्रम का माहौल उस समय उत्साहपूर्ण हो गया, जब बुजुर्ग महिलाओं ने हरियाणवी लोकगीत गाने शुरू किए। उन्होंने ग्रामीण महिलाओं के साथ जमकर नृत्य किया। सरपंच विनोद कुमार ने विदेशी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

लावारिस हालत में पाटौदा गांव के खेत में मिला शिशु का शव

- शिशु की मौत के बाद रिश्तेदारों को मिट्टी देने के लिए दिया था शव, उन्होंने लावारिस छोड़ा तो हुआ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

गांव पाटौदा में उस समय सनसनी फैल गई जब एक किसान को अपने खेत में नवजात शिशु का शव पड़ा दिखाई दिया। इसके बाद किसान द्वारा डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तथा किसान से मामले की जानकारी लेते हुए नवजात शिशु के शव को पोस्टमार्टम के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल भिजवाया। बाद में पुलिस ने जब जांच बढ़ाई तो पता चला कि क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में डिलीवरी के दौरान आठ माह की गर्भवती महिला ने मृत शिशु को जन्म दिया था। इस दौरान अस्पताल में अपनी पत्नी की देखभाल में जुटे उसके पति मनीष ने नवजात शिशु को मिट्टी देने के लिए अपने रिश्तेदारों को शव सौंप दिया। आरोप है कि उसके रिश्तेदारों ने शव को मिट्टी में दफनाने की बजाय उसे सड़क किनारे लगते खेत में रख दिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मूल रूप से बिहार के गया जिले के गांव गंनावर रिटिला निवासी मनीष कुमार फिलहाल गुरुग्राम के फर्रुखनगर में रहकर मेहनत मजदूरी करता है। उसकी पत्नी सुरुचि ने डिलीवरी के दौरान जब एक मृत शिशु को जन्म दिया तो दंपती ने उसे मिट्टी देने के लिए शव अपने रिश्तेदार राजकुमार और उसकी पत्नी को सौंपा था। आरोप है कि उक्त दंपती ने शिशु के शव को मिट्टी देने की बजाय उसे पाटोदा व अमादलपुर गांव के पास खेतों में लावारिस छोड़ दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।



जॉली एलएलबी 4 में अरशद निभाएंगे लीड किरदार

नई दिल्ली। जॉली एलएलबी फ्रेंचाइजी बॉलीवुड की सबसे सफल फ्रेंचाइजी में से एक है। इसके पहले पार्ट में अरशद वारसी ने अपनी परफॉर्मेंस से सबका दिल जीत लिया था, वहीं दूसरे पार्ट में अक्षय कुमार ने शानदार परफॉर्मेंस दी थी। सबसे खास था तीसरा पार्ट, क्योंकि इसमें दोनों एक्टर्स एक साथ थे। वहीं,अब इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म भी आ रही है। लेकिन हो सकता है कि अक्षय कुमार जॉली एलएलबी 4 का हिस्सा ना बनें। एक रिपोर्ट के अनुसार, अरशद वारसी इस फ्रेंचाइजी की चौथी फिल्म में 'जॉली' के किरदार में वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बताया जा रहा है कि यह फिल्म एक 'प्रीक्वल' होगी।

लाइफ Style

साई

प्री-रिलीज इवेंट में गाया सुरीला भजन

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड एक्टर रणबीर कपूर और साई पल्लवी जल्द ही फिल्म 'रामायण' में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर फैंस में काफी एक्साइटमेंट है। 'रामायण' को बड़े लेवल पर बनाया गया है और अब एक्टर्स इसके प्रमोशन में जुटे हुए हैं।

अब हाल ही में हुए एक इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर छा गया है। सोमवार को हैदराबाद में फिल्म के प्री-रिलीज इवेंट में साई पल्लवी गुलाबी साड़ी पहनकर इवेंट में पहुंची थीं। कार्यक्रम के दौरान होस्ट सुमा ने उनसे गाना गाने के लिए कहा। इस दौरान उनके साथ रणबीर कपूर और यश भी नजर आए। शुरुआत में साई थोड़ी झिझकती नजर आईं, लेकिन फिर उन्होंने पूछा कि क्या वह कोई भजन गा सकती हैं। इसके बाद एक्ट्रेस ने मुस्कुराते हुए भजन गाना शुरू कर दिया। साई पल्लवी पूरे सहज अंदाज में भजन गाती नजर आईं। उनके इस खास पल के वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और इंस्टाग्राम पर वायरल होने लगे। फैंस ने भी उनके इस अंदाज की जमकर तारीफ की। नितेश तिवारी के निर्देशन में बन रही 'रामायणः राइज ऑफ ए लेजेंड' में रणबीर कपूर भगवान राम की भूमिका निभा रहे हैं। वहीं, साई पल्लवी माता सीता और रवि दुबे लक्ष्मण के किरदार में नजर आएंगे। फिल्म में यश रावण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म का निर्माण माल्होत्रा के प्राइम फोकस स्टूडियोज ने डीएनईजी और यश की मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के साथ मिलकर किया है।



हॉलीवुड मसाला



जुमांजी-5 का आया नया पोस्टर

नई दिल्ली। हॉलीवुड सिनेमा जगत के लोकप्रिय फिल्म फ्रेंचाइजी के बारे में बात की जाए तो उसमें ड्वेन जॉनसन स्टारर जुमांजी का नाम जरूर शामिल होगा। लंबे समय से जुमांजी पार्ट-5 को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। अब जुमांजी 5 का एक और नया पोस्टर सामने आ गया है, जिसे ड्वेन जॉनसन से सोशल मीडिया पर शेयर किया है। फिल्म के मुख्य किरदार गेम की दुनिया और असली दुनिया के बीच फंसे हुए नजर आ रहे हैं। इस पोस्ट को शेयर करते हुए अभिनेता ने कैप्शन में लिखा- दो दुनिया टकरा रही हैं। एक आखिरी गेम।



सहारा रे खुद का स्विमवियर लेबल किया था लॉन्च

लॉस एंजिल्स। मशहूर सिंगर जस्टिन बीबर की एक्स गर्लफ्रेंड सहारा रे का 34 साल की उम्र में निधन हो गया। कुछ महीनों पहले ही वह बेटी की मां बनी थीं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया पर भी आखिरी पोस्ट अपने मातृत्व पर ही की थी। रे ने मॉडलिंग और सोशल मीडिया पर्सनैलिटी के तौर पर अपना कॅरियर बनाया और अपना खुद का स्विमवियर लेबल, सहारा रे स्विम लॉन्च किया। 2016 में हवाई यात्रा के दौरान जस्टिन बीबर के साथ उनकी तस्वीरें सामने आने के बाद वे सुर्खियों में आईं। उनका नाम ऑस्ट्रेलियाई गायक कोडी सिम्पसन से भी जोड़ा गया था। सहारा के पिता ऑस्ट्रेलियाई सर्फिंग के दिग्गज टोनी रे थे । उन्होंने अपना अधिकांश बचपन ऑस्ट्रेलिया, कैलिफोर्निया के बीच यात्रा करते हुए बिताया।



करण ने किया 'आफ्टर डार्क' का ऐलान

नई दिल्ली। 19 अक्टूबर को 'स्टूडेंट ऑफ द ईयर' फ्रेंचाइजी के 14 साल पूरे होने के मौके पर, करण जौहर ने फैंस को बड़ा सरप्राइज दिया है। फिल्म मेकर ने 'स्टूडेंट ऑफ द ईयरः आफ्टर डार्क' नाम की एक नई वेब सीरीज की घोषणा की है, जिसमें शनाया कपूर नजर आएंगी। यह सीरीज मूल फिल्मों के कैंपस ग्लैमर को छोड़कर, रहस्य, हिंसा और डर से भरी एक डार्क दुनिया की कहानी पेश करेगी। यह वेब सीरीज 13 नवंबर को जियोहॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी। पहले लुक में शनाया कपूर खून से सनी हालत में नजर आ रही हैं, जो इस बात का इशारा है कि यह कहानी उस फ्रेंचाइजी से बिल्कुल अलग होगी जिसे दर्शक अब तक जानते आए हैं। सोशल मीडिया पर इस घोषणा को शेयर करते हुए, करण ने फ्रेंचाइजी के सफर को याद किया और इसके नए रूप की झलक दी।



नेपाल में रिलीज नहीं होगी उड़ता तीर

नई दिल्ली। बॉलीवुड एक्टर आयुष्मान खराना और एक्ट्रेस सारा अली खान का नाम इन दिनों आने वाली फिल्म उड़ता तीर को लेकर चर्चा में बना हुआ है। स्पाई कॉमेडी जॉनर की इस मूवी की रिलीज में अधिक समय नहीं बचा है और इससे पहले नेपाल ने उड़ता तीर की रिलीज पर प्रतिबंध लगा दिया है। हिंदी फिल्म उड़ता तीर की स्क्रीनिंग केंद्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड ने नेपाल में की गई और इस दौरान ये पाया गया है कि फिल्म में राष्ट्रीय सिनेमा अधिनियम की धारा 8(3) का उल्लघंन किया पाया गया है। इसकी वजह से इस फिल्म की रिलीज को मंजूरी नहीं दी जाएगी। इस मूवी का कंटेंट राष्ट्रीय सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था या मित्र देशों के साथ संबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की उड़ता तीर को 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

टीवी मसाला

टीवी पर 'अप्सरा' बनकर कमबैक कर रहीं अविका

नई दिल्ली। अविका गोर, स्टार प्लस के आने वाले सुपरनैचुरल शो 'अप्सरा' में 'अप्सराओं की रानी' के रूप में टेलीविजन पर वापसी कर रही हैं। शो के शानदार प्रीमियर एपिसोड में वह अपनी दमदार मौजूदगी, ग्रेस और गहरी भावनाओं के साथ नजर आएंगी। समुद्र मंथन से प्रेरित, मुक्ता ढोंड के इस प्रोडक्शन में समीक्षा जायसवाल 'सुनहरी' का किरदार निभा रही हैं। कहानी में सुनहरी बुरी ताकतों से लड़कर अमृत की रक्षा करती है और साथ ही अपने लोगों को भी सुरक्षित रखती है। इस शो में पारस कलनावत, अनुष्का मर्चंडे और अदा खान भी अहम भूमिकाओं में हैं। शो से जुड़ने के बारे में बात करते हुए, अविका कहती हैं, 'मेरे लिए किरदार और कहानी मायने रखती है, मीडियम कोई भी हो। जब मुझे यह किरदार मिला, तो इसमें मौजूद कई लेयर्स देखकर मैं प्रभावित हो गई। यह पावरफुल और प्रभावशाली है लेकिन साथ ही उसमें कुछ कमजोरियां भी हैं। इस किरदार को निभाने से मुझे रोमांस और एक्शन से लेकर भावनात्मक पलों और डांस तक, सब कुछ एक्सप्लोर करने का मौका मिला। इस फैंटेसी दुनिया को जीवंत बनाने के लिए भव्य कॉस्ट्यूम, गहने और खास स्टाइलिंग की जरूरत थी। अविका इस ट्रांसफॉर्मेशन को अपने आप में एक अनोखा अनुभव बताती हैं, जहां हर छोटी डिटेल ने उन्हें अपने किरदार में ढलने में मदद की। वह इस शानदार और अलग दुनिया को रचने का क्रेडिट प्रोड्यूसर मुक्ता ढोंड और विक्रम घई को देती हैं। साथ ही, वह बताती हैं कि मनीष और अदा खान के साथ काम करने से यह अनुभव और भी मजेदार हो गया।



बिग बॉस से खत्म हुआ अमन का सफर

नई दिल्ली। टीवी के सबसे चर्चित रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' के हालिया वीकेंड का वार में काफी ड्रामा देखने को मिला। एक तरफ सलमान खान ने कई कंटेस्टेंट्स की क्लास लगाई, तो वहीं अमन गांधी का शो से सफर खत्म हो गया। अमन गांधी के एविक्शन पर आरिश्फा खूब रोते हुए नजर आईं। इनके अलावा होस्ट सलमान खान ने यह अपडेट भी दिया कि अगला वीकेंड का वार में वह नजर नहीं आएंगे। शो को कौन होस्ट करेगा इसकी जानकारी भी भाईजान ने सभी को दी। 'बिग बॉस 20' से बीते दिन अमन गांधी का सफर खत्म हो गया है। सलमान खान ने बताया था कि इस हफ्ते जो तीन कंटेस्टेंट्स बॉटम जोन में हैं, उनमें अमन गांधी, उदिति सिंह और मेरी कॉम शामिल हैं। उदिति के पास दो लाइफलाइन थीं, जबकि अमन और मेरी के पास एक-एक ही लाइफ लाइन बची थी। ऐसे में अमन गांधी कम वोट मिलने की वजह से बाहर हो गए।



रामायण के बाद आएंगी जटायू, अंगद हनुमान और इंद्रजीत पर फिल्में

नई दिल्ली। रामायण मूवी से जुड़े एक इवेंट में मेकर्स ने अपना विजन रिवील करते हुए सबके होश उड़ा दिए हैं। रामायण पार्ट-1 और पार्ट-2 के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। नितेश तिवारी की फिल्म 'रामायण' में सनी देओल सरप्राइज फैक्टर बने हुए हैं। फिल्म से रणबीर कपूर (राम), सई पल्लवी (सीता), यश (रावण) और अन्य किरदारों के लुक भी रिलीज किए जा चुके हैं, लेकिन सनी देओल का लुक सीक्रेट रखा गया है। फिल्म में सनी देओल हनुमान जी का रोल प्ले करते नजर आएंगे और अब खबर है कि सनी देओल को लेकर नमित मल्होत्रा एक अलग फिल्म भी प्लान कर रहे हैं। नमित मल्होत्रा का विजन काफी बड़ा है, वह सिर्फ 'रामायण' तक नहीं रुकने वाले हैं। इसके बाद वह उन किरदारों को लेकर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनकी कहानी अभी तक लोगों के लिए अनसुनी रही है।



इन किरदारों पर आएंगी अलग फिल्में? : रामायण पार्ट-2 के बाद मेकर्स अंगद, हनुमान, जटायू, इंद्रजीत और शूर्पनखा पर अलग फिल्में प्लान कर रहे हैं। हर किरदार की कहानी लोगों ने 'रामायण' मूवी में तो सुनी है, लेकिन उनकी अपनी कहानी क्या है? नई पीढ़ी इससे काफी हद तक अछूती रह जा रही है। इसके अलावा क्योंकि मेकर्स इस प्रोजेक्ट को ग्लोबल लेवल पर भुनाने की कोशिश कर रहे हैं, इसलिए यह भारत के टूरिज्म, फिल्म इंडस्ट्री और अन्य पहलुओं पर भी काफी बड़ा गेम साबित हो सकती है। एक यूजर ने इवेंट की झलकियां लीक करते हुए लिखा- भाई साहब, नमित बहुत बड़ा गेम खेलने की सोच रहा है।

यहीं नहीं रुकने वाली है रामायण की कहानी

हैदराबाद में आयोजित एक इवेंट में 'रामायण' मूवी से सनी देओल का हनुमान जी वाला लुक रिवील किया गया। इसके अलावा मेकर्स ने इसी इवेंट में एक और शॉकिंग ऐलान करते हुए बताया कि 'रामायण : पार्ट-2' के बाद चीजें यहीं नहीं रुकने वाली हैं। मेकर्स ने कई स्पिन ऑफ मूवी प्लान की हैं। तकरीबन 4 हजार करोड़ रुपये की लागत में बन रही फिल्म रामायण के प्रोड्यूसर नमित मल्होत्रा ने रामायण-2 के बाद उनकी अपकमिंग अन्य फिल्मों के पोस्टर्स रिलीज किए और बताया कि असल में यह हमारे सफर की बस शुरुआत भर है।

अक्का का टीजर जारी, आमने सामने होंगी कीर्ति और राधिका

मुंबई। अभिनेत्री कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे जल्द ही आने वाली सीरीज 'अक्का' में एक साथ नजर आएंगी। यह 1980 के दशक की पृष्ठभूमि पर आधारित गैंगस्टर ड्रामा है। अब नेटफ्लिक्स ने कीर्ति के जन्मदिन के मौके पर सीरीज का टीजर जारी कर दिया है। इसके साथ ही मेकर्स ने सीरीज की रिलीज डेट का भी ऐलान किया। टीजर में कीर्ति सुरेश 'भवानी' और राधिका आप्टे 'रुद्रा' के किरदार में नजर आ रही हैं। टीजर में ऐसी जगह की कहानी दिखाई गई है, जहां 800 साल से औरतों का राज चलता है। इसके बाद कीर्ति की एंट्री होती है, जो कहती हैं कि हमारे यहां औरतें सिर्फ घर नहीं, कारोबार भी चलाती हैं। वहीं, जो भी उनके खिलाफ जाता है उसे सख्त सजा भी मिलती है। लास्ट में राधिका का एक छोटा सा सीन दिखाई देता है, जो कहता है कि बहनों का राज खत्म करने का समय आ गया है। ऐसे में यह साफ है कि सीरीज में राधिका और कीर्ति आमने-सामने नजर आएंगी। वाईआरएफ एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनी 'अक्का' से धर्मराज शेट्टी निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उन्होंने ही इस सीरीज की कहानी भी लिखी है। इसकी कहानी पेरनुरु नाम की एक रियासत में सेट है, जिसे कई पीढ़ियों की महिलाओं ने बनाया, चलाया और सुरक्षित रखा है। परंपराएं, सत्ता की लड़ाई और आपसी दुश्मनी इसकी कहानी का अहम हिस्सा हैं।कीर्ति सुरेश और राधिका आप्टे के अलावा इस सीरीज में तन्वी आजमी भी नजर आएंगी। आदित्य चोपड़ा, योगेंद्र मोगरे और अक्षय विधानी इसके कार्यकारी निर्माता हैं। 'अक्का' का प्रीमियर 30 अक्टूबर को नेटफ्लिक्स पर होगा। एक बयान के अनुसार, कीर्ति ने कहा, 'हर साल दर्शकों से मिलने वाला प्यार इस दिन को मेरे लिए बेहद खास बनाता है। 'अक्का' के टीजर को रिलीज करके अपना जन्मदिन मनाना मेरे लिए बहुत खास है, क्योंकि यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बेहद करीब है।



एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग तक

सिनेमा में छाई अरबपतियों पर बनीं ये बिलिनेयर बायोपिक फिल्में

नई दिल्ली। दुनियाभर के बड़े-बड़े अरबपतियों की निजी जिंदगी की कहानी किसी फिल्म स्टोरी से कम नहीं होती है। संघर्ष से लेकर सफलता के मुकाम तक पहुंचने का सफर सिनेमा के आईने से काफी खूबसूरत नजर आता है। आज इस लेख में हम आपको एलन मस्क से लेकर मार्क जुकरबर्ग जैसे विश्व के उन बिलिनेयर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनके जीवन पर बायोपिक फिल्में बन चुकी हैं या फिर भविष्य में रिलीज होने वाली हैं।

द सोशल रेकनिंग

सोशल मीडिया कंपनी मेटा के सह-संस्थापक, चेयरमैन और मुख्य कार्यकारी अधिकारी के तौर पर मार्क जुगरबर्ग को जाना जाता है। इनका नाम दुनिया के 10 सबसे अमीर टेक बिजनेसमैन में से एक है। इतना ही नहीं फेसबुक के संस्थापक के तौर पर भी जुगरबर्ग की पहचान है। हाल ही में रिलीज हुई फिल्म द सोशल रेकनिंग में जुगरबर्ग की कहानी को दर्शाया गया है, जिसका डायरेक्शन आरोन सोर्किन ने किया है। इस मूवी में हॉलीवुड अभिनेता जेरेमी स्ट्रॉन्ग ने मार्क जुगरबर्ग की भूमिका निभाई है।

द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड

फ्रेंच-बेल्जियन कॉमेडी-ड्रामा फिल्म द रिचेस्ट वुमन इन द वर्ल्ड में फ्रांस की मशहूर कॉस्मेटिक्स कंपनी L'Oral (लोरियल) की उत्तराधिकारी लिलियन बेटेनकोर्ट की कहानी को दर्शाया गया है। साथ ही कानूनी विवाद के जीवन संघर्ष को भी इसमें शामिल किया गया है। ये फिल्म साल 2025 में रिलीज हुई थी और ये अमेजन प्राइम वीडियो पर भी मौजूद है।



आर्टिफिशियल

दुनिया के मशहूर बिजनेसमैन और ओपनएआई के सीईओ सैम ऑल्टमैन के जीवन पर आधारित फिल्म आर्टिफिशियल का नाम लंबे समय से चर्चा का विषय बना हुआ है। इस मूवी में स्पाइडर-मैन फेम हॉलीवुड सुपरस्टार एंड्रयू गारफील्ड सैम का किरदार निभा रहे हैं और ये फिल्म इसी साल क्रिसमस के मौके पर 25 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी।

स्वाइप्ड

साल 2025 में रिलीज होने वाली बायोग्राफिकल ड्रामा हॉलीवुड फिल्म स्वाइप्ड का नाम भी इस लिस्ट में शामिल है। जिसमें ऑनलाइन डेटिंग ऐप टिंडर की सह-संस्थापक और बाद में बंबल की स्थापना करने वाली व्हिटनी वोल्फ हर्ड की कहानी को दिखाया गया है। मूवी में हॉलीवुड अभिनेत्री लिली जेम्स ने वोल्फ का किरदार निभाया है।

मस्क : डॉक्यूमेंट्री

इस सूची में अगला नाम दुनियाभर के सबसे अमीर बिजनेसमैन और सोशल मीडिया एक्स के मालिक एलन मस्क का आता है। टेस्ला और स्पेश एक्स जैसे कई बड़े-बड़े ब्रांड्स के लिए मशहूर मस्क के जीवन पर बनने वाली डॉक्युमेंट्री फिल्म का प्रीमियर बीते महीने 8 सितंबर को वेनिस फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। इसके बाद इसे 9 अक्टूबर को अमेरिकी सिनेमाघरों में रिलीज किया गया।

सीताराम गेट की गली में गंदे पानी की भरमार, राहगीरों और गलीवासियों को हो रही परेशानी

अंडरग्राउंड नालियां अवरुद्ध होने से फैला गंदा पानी ई-समाधान पोर्टल पर शिकायत के बावजूद राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

सिटी पल्स

शहर के सीताराम गेट क्षेत्र में नालियों की नियमित सफाई और गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण गलीवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गाजीकमाल मंदिर के सामने स्थित सामुदायिक केंद्र के साथ लगती गली में पिछले कई माह से गंदा पानी भरने की समस्या बनी है। सुबह पानी की सप्लाई के दौरान अंडरग्राउंड नालियां ओवरफ्लो हो जाती हैं और गंदा पानी दिनभर गली में फैला रहता है। इससे राहगीरों और स्थानीय निवासियों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। लोगों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित कर्मचारियों ने समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दिया है। गली निवासी कमला देवी, हेमंत सैनी, कपिल, रवि, सुनील, सुनीता देवी, सोनू, धौलू, योगेश सहित अन्य लोगों ने बताया कि उनकी गली में अंडरग्राउंड नालियां बनाई गई हैं, जबकि साथ लगती गली में खुली नालियां हैं। अंडरग्राउंड नालियों पर कहीं जालियां लगी हुई हैं तो कहीं से जालियां हट चुकी हैं। इस कारण खुली नालियों का कूड़ा-कचरा अंडरग्राउंड नालियों में पहुंच जाता है और पाइप अवरुद्ध हो जाते हैं। सुबह पानी की सप्लाई के दौरान नालियां ओवरफ्लो होने से गंदा पानी गली में फैल जाता है। लोगों को दिनभर गंदे पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। ऐसे में गलीवासी चाहकर भी अपने घरों के आसपास की सफाई नहीं कर पा रहे।



झज्जर। अंडरग्राउंड नालियां अवरुद्ध होने के बाद गली में फैला गंदा पानी।

समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग



गली निवासी सुनील कुमार ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से ई-समाधान पोर्टल पर भी इस समस्या को लेकर शिकायत दर्ज करवा रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि जब ऑनलाइन शिकायत के बाद भी समस्या का समाधान नहीं हो रहा तो लोगों को परेशानी से राहत कैसे मिलेगी। संबंधित विभाग को मौके का निरीक्षण कर समस्या का स्थायी समाधान करना चाहिए।

नीचा लेवल भी बना परेशानी का कारण



जयप्रकाश ने बताया कि उनकी गली का लेवल मुख्य गली के मुकाबले नीचा है। इस कारण मेन नाले का गंदा पानी भी उनकी गली में आ जाता है। उन्होंने कहा कि केवल सफाई करवाने से समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। अंडरग्राउंड नाली की व्यवस्था को बदलकर खुली नाली बनाई जाए, ताकि पानी के बहाव और सफाई में आसानी हो सके। वे खुली नालियां बनाने की मांग भी कर चुके हैं लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

मुख्य गली के नाले का गंदा पानी भी आता है गली में



पूर्ण सिंह ने बताया कि गली का लेवल ऊंचा करने के साथ नालों की नियमित सफाई कराना भी जरूरी है। नालियों की सफाई नहीं होने के कारण समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। उन्होंने बताया कि इसके साथ लगती पिछली गली के गंदे पानी की निकासी भी इसी गली से होती है। इसके अलावा कुछ लोग नालियों में गोबर और कूड़ा-कचरा बहा देते हैं, जिससे नालियां अवरुद्ध हो जाती हैं। ऐसे में जल निकासी बाधित होने से गली में गंदा पानी जमा हो जाता है।

सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

निजीकरण के विरोध में बिजली निगम कर्मियों ने किया प्रदर्शन, फूंका पुतला

अगस्त महीने में कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान बिजली मंत्री ने आश्वासन दिया था कि बिजली निगम का निजीकरण नहीं किया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। मंगलवार को बिजली निगम की विभिन्न कर्मचारी यूनियनों ने शहर की सड़कों पर उतरकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कर्मचारियों ने शहर के आंबेडकर चौक पर सरकार का पुतला फूंककर विरोध जताया। यूनियन के जिला प्रधान भूपेंद्र यादव ने कहा कि 19 अक्टूबर को उन्हें सूचना मिली थी कि गुरुग्राम और पलवल जिलों के सर्किल बिजली डिवीजनों को निजी कंपनियों के हाथों में सौंप दिया गया है।

इसकी जानकारी मिलते ही बिजली कर्मचारी यूनियनों की बैठक हुई। जिसमें सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। इसी निर्णय के तहत कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया और सरकार के खिलाफ अपना रोष जाहिर किया। उन्होंने कहा कि अगस्त महीने में कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान बिजली मंत्री ने आश्वासन दिया था कि बिजली निगम का निजीकरण नहीं किया जाएगा। इसके बावजूद निजीकरण की दिशा में कदम उठाए जाने से कर्मचारियों में भारी नाराजगी है।

उन्होंने आरोप लगाया कि इस फैसले से कर्मचारियों के रोजगार पर संकट खड़ा होगा और आम जनता के लिए बिजली महंगी होने की आशंका बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि निजीकरण के विरोध में पूरे हरियाणा में सरकार के पुतले फूंके गए हैं।

आंदोलन के अगले चरण में कर्मचारी आदेश की प्रतियां जलाएंगे। जिसके बाद तीन दिन की हड़ताल की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को नहीं माना तो राज्य कमेटी के फैसले के अनुसार आंदोलन की आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।



झज्जर। शहर के आंबेडकर चौक पर सरकार का पुतला फूंकते हुए बिजली निगम कर्मचारी।

निजीकरण के फैसले को वापस लेने की मांग

बहादुरगढ़। गुरुग्राम और नूंह की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपने के फैसले का कर्मचारियों ने विरोध शुरू कर दिया है। बिजली उपभोक्ता मंच हरियाणा ने भी हरियाणा विद्युत विनियामक आयोग के फैसले की निंदा की है। मंच ने सरकार से इस निर्णय को तुरंत वापस लेने की मांग की है। मंच के जिला संयोजक रामकिशन ने कहा कि बिजली उपभोक्ताओं, कर्मचारियों और इंजीनियर संगठनों के विरोध को नजरअंदाज कर लिया गया यह फैसला जनहित में नहीं है। दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के कुल राजस्व का लगभग 42 प्रतिशत अकेले गुरुग्राम जिले से आता है। ऐसे में इस क्षेत्र की बिजली व्यवस्था निजी कंपनी को सौंपने से निगम की वित्तीय स्थिति प्रभावित हो सकती है। उन्होंने आशंका जताई कि इससे किसानों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को मिलने वाली सब्सिडी पर असर पड़ सकता है। साथ ही बिजली कर्मचारियों की छंटनी और उनके सेवा लाभ प्रभावित होने की भी चिंता है। उन्होंने कहा कि निजी कंपनी औद्योगिक और व्यावसायिक उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दे सकती है, जबकि किसानों और कमजोर वर्गों को बिजली सुविधा देने का आर्थिक भार सरकारी निगम पर बना रहेगा। मंच इस फैसले के खिलाफ बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियर संयुक्त संघर्ष मोर्चा के साथ मिलकर विरोध करेगा।

दीपावली से पहले वेतन देने की मांग

बहादुरगढ़। भारतीय मजदूर संघ के ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र दहकोरा और हरियाणा प्रदेश के सफाई कर्मचारी नेता देव कुमार रोहद ने हरियाणा सरकार व झज्जर जिला प्रशासन से दीपावली से पहले ग्रामीण सफाई कर्मचारियों का वेतन जारी करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि समय पर वेतन मिलने से कर्मचारी अपने परिवार के साथ त्योहार मना सकेंगे और बहन-बेटियों के घर भी त्योहार की खुशियां पहुंचा सकेंगे। दोनों नेताओं ने कहा कि ग्रामीण सफाई कर्मचारी गांवों में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे में त्योहार के समय उन्हें वेतन के लिए इंतजार करना पड़े, यह उचित नहीं है। उन्होंने जिला उपायुक्त और संबंधित अधिकारियों से मांग की कि कर्मचारियों के खातों में जल्द से जल्द वेतन डलवाने की व्यवस्था की जाए। यदि दीपावली से पहले वेतन जारी नहीं किया गया तो ग्रामीण सफाई कर्मचारी काली दिवाली मनाने को मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि त्योहार पर कर्मचारियों के परिवारों और बच्चों के चेहरों पर मायूसी की स्थिति बनी तो इसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन, संबंधित अधिकारियों की होगी। कर्मचारियों की आर्थिक परेशानियों को गंभीरता से लेते हुए दीपावली से पहले वेतन जारी करवाया जाए, ताकि वे भी अपने परिवारों के साथ खुशी से त्योहार मना सकें।



बहादुरगढ़। भूपेंद्र नफे सिंह राठी का अभिनंदन करते समाज के पदाधिकारी।

इनेलो के युवा प्रदेश अध्यक्ष राठी का किया अभिनंदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बहादुरगढ़ शाखा ने इनेलो के नवनियुक्त युवा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र नफे सिंह राठी का अभिनंदन किया। इस दौरान समाज के प्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने भूपेंद्र राठी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

भारतीय वाल्मीकि धर्म समाज की बहादुरगढ़ इकाई के पदाधिकारी कृष्ण प्रधान, केवल राम पिहवाल, उदयभान, भूप सिंह, धर्मपाल बालगुहेर, होशियार सिंह, रवि महरौलिया, श्याम लाल टाक, अनिल सूद, बलजीत, सागर, नितिन, चिराग चड्ढा, दीपांशु, राजू सैनी, लोकेश सैनी, विपिन, वीरू वाल्मीकि, आशीष कुमार आदि ने कहा कि भूपेंद्र नफे सिंह राठी को युवा प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने से पूरे प्रदेश के युवाओं में नया जोश और ऊर्जा का संचार हुआ है। वे हमेशा से जनहित, युवाओं और वंचित वर्गों की आवाज मुखरता से उठाते रहे हैं। उनके नेतृत्व में युवा संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा और युवाओं के हकों की लड़ाई को मजबूती मिलेगी।

भूपेंद्र नफे सिंह राठी ने समाज का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे युवाओं को संगठित करने, बेरोजगारी व अन्य सामाजिक मुद्दों पर संघर्ष करने तथा समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करेंगे।



बहादुरगढ़। खेल मंत्री गौरव गौतम से मिलते बुल्लड़ पहलवान व अन्य।

व्यायामशाला के लिए खेल मंत्री से मिले

बहादुरगढ़। शहर की सर छोटूराम व्यायामशाला में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर पूर्व पार्षद जसबीर सैनी के नेतृत्व में व्यायामशाला संचालक विरेंद्र उर्फ बुल्लड़ पहलवान, पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, राजकपूर पांचाल और राजपाल सैनी ने हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान बुल्लड़ पहलवान ने खेल मंत्री के समक्ष अखाड़े की समस्याएं रखीं। उन्होंने व्यायामशाला में आने वाले बच्चों के भविष्य को देखते हुए वहां सरकारी कोच की नियुक्ति की मांग की। साथ ही मैट, जिम उपकरण और बजट समेत अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग की। बुल्लड़ ने बताया कि उनकी व्यायामशाला से कई बच्चे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर रहे हैं, इसलिए सरकार का सहयोग बेहद जरूरी है। खेल मंत्री गौरव गौतम ने आश्वासन दिया कि बच्चों के भविष्य को देखते हुए जल्द ही व्यायामशाला में सरकार की ओर से सभी मूलभूत सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने उम्मीद जताई कि युवा खेल मंत्री बहादुरगढ़ की सर छोटूराम व्यायामशाला के लिए जल्द ही बजट स्वीकृत करेंगे। पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर ने गौरव गौतम की कार्यशैली और व्यवहार की सराहना की।

फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर प्रशासन सख्त

झज्जर। जिलेभर में पराली प्रबंधन को बढ़ावा देने के साथ ही पराली जलाने व प्रदूषण फैलाने वाले घटकों पर प्रभावी रोक लगाने और वायु गुणवत्ता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन पूरी गंभीरता से कार्य कर रहा है। डीसी वर्षा खांगवाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण उपायों की कड़ाई से पालना सुनिश्चित करते हुए फील्ड में नियमित निगरानी की जाए। उन्होंने संभावित पराली जलाने की घटनाओं की तत्काल सूचना और प्रभावी कार्रवाई के लिए क्विक रेस्पॉन्स टीम सक्रिय रखने और प्रदूषण फैलाने वाले संभावित स्रोतों की निगरानी के लिए आवश्यकता अनुसार ड्रोन का उपयोग करने तथा संबंधित विभागों को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए।





बहादुरगढ़। गांव कसार में धरना देते महेंद्र मुद्गिल व अन्य ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

कसार गांव में धरना देकर भ्रष्टाचार का पुतला फूंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

भ्रष्टाचार के विरोध में मंगलवार को गांव कसार में महेंद्र मुद्गिल ने ग्रामीणों के साथ शांतिपूर्वक धरना शुरू किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना साकार करने के लिए भ्रष्टाचार का खात्मा करना जरूरी है।

देश में 20 से 26 अक्टूबर तक सतर्कता सप्ताह मनाया जाता है। धरने के दौरान गांव कसार में भ्रष्टाचार का पुतला फूंका गया। महेंद्र मुद्गिल ने कहा कि देश में भ्रष्टाचार का मुद्दा प्रमुख है। धीरे-धीरे जनता अब इस मुद्दे को लेकर संघर्ष को खुद ही तैयार हो रही है।

आने वाले समय के लिए जनता को मनोवैज्ञानिक रूप से तैयार कर रही है। संघर्ष से ही भ्रष्टाचार और उससे पैदा हुई शोषण, उत्पीड़न, बेरोजगारी, भूखमरी आदि से छुटकारा पाया जा सकता है। यदि देश से भ्रष्टाचार समाप्त होता है तो देश एक खुशहाल देश साबित हो सकता है।

खाप का चबूतरा हमारी सांस्कृतिक विरासत

- गुलिया खाप के चबूतरे पर पलंग भेंट कर समाज को दिया अनूठा संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दशहरे के पावन पर्व पर ग्राम पंचायत सोंधी द्वारा गुलिया खाप के चबूतरे पर एक पलंग भेंटकर सामाजिक परंपराओं और भाईचारे की मिसाल पेश की है। इस अवसर पर गुलिया खाप के प्रधान सुनील गुलिया, एच डी ग्रुप डायरेक्टर एवं खाप सचिव रमेश गुलिया, सतगामा प्रधान धर्मपाल, सोंधी गांव के सरपंच गोविंद सिंह, फर्रुखनगर गऊशाला के प्रधान बिजेंद्र गुलिया, भागमल सोंधी, पूर्व प्रधान ओम, सुमेर सिंह, सरपंच अमरजीत याकूबपुर, सरपंच मलखान निमाणा, सरपंच प्रदीप सिंह कलोई, महाशय कवि सत्यनारायण जट्ट खेड़ी, गुलिया खाप प्रबंधक हिम्मत थानेदार एवं क्षेत्र के काफी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। गुलिया खाप के सचिव मास्टर रमेश गुलिया ने बताया कि गुलिया खाप का चबूतरा सामाजिक मेल-मिलाप, आपसी विचार-विमर्श और सामूहिक निर्णयों का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। ऐसे स्थान पर पलंग भेंट करना समाज की परंपराओं को संजोने और सामाजिक गतिविधियों को सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक सराहनीय कदम है। यह सार्थक व अनूठी पहल समाज में एकता, सहयोग और परंपराओं के प्रति सम्मान प्रकट करती है। इससे आने वाली पीढ़ी को अनूठा संदेश मिलता है। उन्होंने बताया कि पलंग का नाम समाधान रखा गया है।



झज्जर। समाधान पलंग के पास खड़े गुलिया खाप प्रधान सुनील गुलिया एवं अन्य प्रबुद्धजन। फोटो : हरिभूमि

राम नगर में काली माता मंदिर के पास से स्कूटी ले उड़े चोर

बहादुरगढ़। राम नगर में काली माता मंदिर के पास से स्कूटी चोरी हो गई। इस संबंध में पुलिस को शिकायत दे दी गई है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सांपला के निवासी राहुल का कहना है कि वह एक अस्पताल में कंपाउडर है। सोमवार को अस्पताल के मालिक के लड़के के साथ स्कूटी पर सवार होकर बहादुरगढ़ के राम नगर स्थित काली मंदिर में आया था। नजदीक डिवाइडर पर स्कूटी खड़ी कर दी। कुछ देर बाद मंदिर से बाहर निकले तो स्कूटी नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया। उधर, पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास सीसीटीवी फुटेज चेक की जा रही है।

शहर में सुनो नहरों की पुकार.. मुहिम चलाई और नहरों, माइनरों की बिगड़ती दशा पर चिंता जताई

बहादुरगढ़ से गुजर रही पेयजल और सिंचाई माइनर की दशा खराब

पर्यावरण प्रेमी टोकते रहे और प्रकृति के दुश्मन माइनर गंदी करते रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पर्यावरण प्रेमियों ने मंगलवार को दशहरे के मौके पर भी शहर में सुनो नहरों की पुकार.. मुहिम चलाई और नहरों, माइनरों की बिगड़ती दशा पर चिंता जताई। माइनर में पूजन सामग्री व अन्य कचरा डाल रहे लोगों को तुरंत रोका गया और उन्हें इस दिशा में जागरूक करने का प्रयास किया गया। इस संबंध में अब जिला उपायुक्त को ज्ञापन दिया जाएगा।

दरअसल, बहादुरगढ़ से गुजर रही पेयजल व सिंचाई माइनर की दशा खराब है। अब अष्टमी व नवमीं के बाद तो लोगों में पूजन सामग्री नहरों में डालने की होड़ मची हुई है। सेक्टर-7 व देवीलाल पार्क के पास भारी मात्रा में पुरानी पूजन सामग्री, कचरा आदि डाला जा रहा है। इनमें से एक नहर शहर के जलघरों को पानी उपलब्ध कराती है। हालात ऐसे हैं कि यदि माइनरों को कोई देख ले तो सप्लाई का पानी पीना बंद कर दें। इस दिशा में जयपाल सांगवान सहित कुछ पर्यावरण प्रेमी नहरों को बचाने की आवाज उठा रहे हैं। उन्होंने कई लोगों को टोका लेकिन बेपरवाह लोग नहीं माने। मौका लगते ही माइनर को दूषित करते रहे। जयपाल सांगवान का कहना है कि इस संबंध में जिला उपायुक्त से ज्ञापन दिया जाएगा। इसके अलावा लोगों को भी जागरूक होने की जरूरत है। जब तक लोग खुद जागरूक नहीं होंगे तब तक इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं हो सकती।



बहादुरगढ़। पूजन सामग्री व गंदगी से अटी माइनर। फोटो : हरिभूमि

देश के प्रख्यात कृषि विशेषज्ञ कृषक उद्यमशीलता पर हसनपुर गांव में करेंगे मंथन

झज्जर। खेती किसानी के इतिहास में पहली बार ग्रामीण आंचल में कृषक उद्यमशीलता विषय पर देश भर के प्रख्यात कृषि विशेषज्ञ और प्रगतिशील किसान एमआर स्कूल हसनपुर में आगामी 23 अक्टूबर को आयोजित कृषि मेले में एक मंच पर अपने विचार साझा करेंगे। क्षेत्र से हजारों की संख्या किसान, पशु पालक, मछली पालक, कृषि उद्यमी मेले में पहुंचेंगे। पूर्व कृषि मंत्री एवं कृषि मेले के संयोजक ओमप्रकाश धनखड़ ने हसनपुर गांव में मेला साइट का जायजा लेते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि मेले की तैयारियां जोरो से चल रही है। मेले की तैयारियों में पार्टी कार्यकर्ता, किसान संगठन, खाप प्रतिनिधि सब टीम भावना से जुड़े हुए है। यह कृषि मेला अपने आप में किसानों की भलाई की सोच को आगे बढ़ाने और हाजिरी के हिसाब नया इतिहास रचेगा। उन्होंने बताया कि कृषि वैज्ञानिक बख्शीराम यादव, पाशा पटेल, सुगनकर राव, रामावतार लांबा, पदमश्री सुल्तान सिंह, आईसीएआर से राजबीर बरार, गुरदयाल सिंह, एमजे खान आदि अपने विचार सेमिनार में रखेंगे। उन्होंने बताया कि विशेषज्ञ पैरी अर्बन एग्री, डायरेक्ट मार्केटिंग, मॉडर्न डेयरी, फिशरीज, बागवानी, फूल की खेती महिला कृषि में अग्रणी आदि विषयों पर मंथन करेंगे।

झज्जर व बहादुरगढ़ में डांडिया-गरबा की धूम, महिलाओं ने उत्साह से मनाया उत्सव

नवरात्रि पर आयोजित कार्यक्रमों में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा, भक्ति और संगीत के रंग में रंगे प्रतिभागी

■ महिलाओं की पहल पर कुलदीप कॉलोनी में हुई डांडिया नाइट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नवरात्रि के पावन अवसर पर कुलदीप कॉलोनी में डांडिया नाइट का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कॉलोनीवासियों ने जोश और उमंग के साथ भाग लिया। संगीत, नृत्य, मनोरंजक खेलों, तालियों और मां भगवती के जयकारों से वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय बना रहा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद उठाया। कार्यक्रम का शुभारंभ माता की चौकी एवं पूजा-अर्चना के साथ हुआ। मंच संचालन की जिम्मेवारी पिंकी जाखड़ ने निभाई। उन्होंने मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की महिमा और उनके आध्यात्मिक महत्व बारे विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सभी के ज्ञानवर्धन के लिए एक सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी का आयोजन भी किया गया। आयोजन की सबसे खास बात यह रही कि इसकी पहल महिलाओं ने की और योजना से लेकर कार्यक्रम के संचालन तक की पूरी जिम्मेदारी संभाली। कार्यक्रम को सफल बनाने में पिंकी जाखड़ के साथ सविता, रेखा, प्रवीन, सुनीता, कविता, मोनिका, सुनील, प्रिंसी और मीनाक्षी की भूमिका सराहनीय रही। कार्यक्रम को दो प्रमुख हिस्सों में विभाजित किया गया। बच्चों, महिलाओं और पुरुषों के लिए विभिन्न मनोरंजक खेल एवं गतिविधियां आयोजित की गईं। उपस्थित जनसमूह ने डांडिया की धुनों पर जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे के साथ खुशियों के पल साझा किए।



झज्जर। डांडिया नाइट में उपस्थित महिलाएं।

सेक्टर-6 में महिलाओं ने देर रात तक किया गरबा



बहादुरगढ़। शहर के सेक्टर-6 स्थित एक पार्क में गरबा महोत्सव का आयोजन किया गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साह और उमंग के साथ गरबा व डांडिया खेला। पारंपरिक अंदाज में सजे इस आयोजन में महिलाओं ने संगीत की धुनों पर जमकर नृत्य किया और महोत्सव का आनंद लिया। कार्यक्रम में महिलाओं की भागीदारी उत्साहजनक रही। आयोजन को सफल बनाने में रंजना टंडन, ऋतु भारद्वाज और कांता दलाल की अहम भूमिका रही। उनके प्रयासों से कार्यक्रम में उत्सव का माहौल बना रहा।

दीक्षा एकेडमी स्कूल में रही डांडिया नाइट की धूम



झज्जर। दीक्षा एकेडमी स्कूल में डांडिया नाइट कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें रंग-बिरंगे पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाएं डांडिया की धुनों पर जमकर नृत्य करते हुए दिखाई दी। प्राचार्य निर्मल भंडारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन महिलाओं को आपस में जुड़ने, अपनी प्रतिभा दिखाने और रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी से कुछ पल निकालकर खुशियां मनाने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे कार्यक्रम सामाजिक मेलजोल बढ़ाने के साथ महिलाओं में आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने महिलाओं को संदेश देते हुए कहा कि महिलाएं परिवार और समाज की मजबूत आधारशिला हैं। उन्हें परिवार की जिम्मेदारियों के साथ-साथ अपने स्वास्थ्य, खुशियों और व्यक्तिगत रुचियों के लिए भी समय निकालना चाहिए। उन्होंने महिलाओं से सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।



याद बहुत आते हैं वो दिन...

रामलीला देखने के लिए सांझ ढले ही जुटने लगती थी भीड़

न चकाचौंध की जरूरत, न आधुनिक तकनीक का सहारा कलाकारों के अभिनय व संवादों में बसती थी रामलीला की जान

एक समय था, जब रामलीला मंचन के दौरान आज जैसी चकाचौंध और आधुनिक सुविधाएं नहीं होती थीं, लेकिन कलाकारों के अभिनय में ऐसी तन्मयता होती थी कि दर्शक देर रात तक मंच से नजरें नहीं हटा पाते थे। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रामलीला देखने का जुनून सिर चढ़कर बोलता था। जैसे ही सांझ ढलने लगती, गलियों और मोहल्लों में रामलीला देखने की तैयारियां शुरू हो जाती थीं। घरों में महिलाएं अपने घरेलू कामकाज जल्दी निपटाकर मंचन देखने के लिए निकल पड़ती थीं। रामलीला के वे दिन आज भी लोगों के जहन में ताजा हैं, जब रामलीला देखने का उत्साह ऐसा होता था कि महिलाएं मंच के नजदीक बैठने के लिए काफी पहले ही आयोजन स्थल पर पहुंचने की जुगत लगाते हुए अपने बच्चों को समय से पहले ही वहां भेज देती थीं। इसके बाद जब मंचन का समय नजदीक आता तो महिलाएं घर से पट्टी, मुड्ढी और पिड्ढा ले लेकर आयोजन स्थल पहुंचती थीं। परिवार और पड़ोस की महिलाएं एक साथ बैठकर रामलीला का आनंद लेती थीं। उस दौर में रामलीला के कलाकार अपने पात्रों को जीवंत बनाने के लिए आयोजन से कई दिन पहले ही रिहर्सल शुरू कर देते थे। संवादों को याद करना, बोलने के अंदाज पर ध्यान देना और पात्र के हाव-भाव को समझना उनकी तैयारी का अहम हिस्सा होता था। यही वजह थी कि राम, लक्ष्मण, सीता, रावण और हनुमान जैसे पात्र दर्शकों के मन में गहरी छाप छोड़ जाते थे। उस जमाने में नर्तकी की भूमिका निभाने वाले कलाकार भी पारंपरिक गीतों व भजनों की प्रस्तुति पर नृत्य करते थे।



समय के साथ बदला स्वरूप

समय के साथ रामलीला मंचन का स्वरूप भी बदल गया। अब आधुनिक लाइटों, बेहतर साउंड सिस्टम और आकर्षक मंच सज्जा ने आयोजनों को नया रूप दिया है, लेकिन पुराने समय की सादगी, कलाकारों की तन्मयता और दर्शकों का सामूहिक उत्साह आज भी लोगों को याद आता है। उस दौर में रामलीला केवल मंच पर होने वाला अभिनय नहीं बल्कि समाज को एक सूत्र में पिरोने वाला आयोजन होती थीं। जब उस दौर की महिलाओं से इस बारे उनकी प्रतिक्रिया जानी तो वे बोली सच में याद बहुत आते हैं वो दिन।

अब भी रामलीला देखने का शौक बरकरार



भट्टी गेट निवासी संतोष देवी बताती हैं कि पहले रामलीला देखने जाना किसी बड़े उत्सव से कम नहीं होता था। उन्हें आज भी याद है जब वे शहर की परसा वाली चक्की में रामलीला देने के लिए अपनी मां के साथ जाती थीं। वे बैठ कर रामलीला का आनंद उठाने के लिए पट्टी या मुड्ढी साथ लेकर जाती थीं और कोशिश रहती थी कि मंच के सामने जगह मिल जाए। परिवार और मोहल्ले की महिलाओं के साथ रामलीला देखने का आनंद ही अलग था। वे अब भी पुराना बस स्टैंड परिसर में हो रही रामलीला देखने के लिए नियमित पहुंच रही हैं।

श्राद्ध पक्ष में होता था बाल लीलाओं का आयोजन



रोशनी देवी के अनुसार, पहले बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में रामलीला को लेकर जबरदस्त उत्साह रहता था। मंचन शुरू होने से काफी पहले ही लोग आयोजन स्थल पर पहुंचने लगते थे। कलाकारों के संवाद और अभिनय दर्शकों को बांधे रखते थे। रामलीला केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि लोगों के आपस में मिलने-जुलने और साथ समय बिताने का भी माध्यम थी। उस दौरान गली मौहल्लों में श्राद्ध पक्ष के दौरान बाल लीलाओं का आयोजन भी किया जाता था। उनके मौहल्ले में भी घर के नजदीक बाल लीला होती थीं।

दान राशि बुलवाने की भी लगती थी होड़



सीताराम गेट निवासी अनीता देवी बताती हैं कि पहले रामलीला देखने का अलग ही उत्साह रहता था। जिस कलाकार का अभिनय पसंद आता तो वे अपने व परिवार के सदस्यों के नाम पर आयोजन स्थल पर घूमने वाले वालिंटियर को दान राशि देती। इसके बाद जब स्टेज पर उनके नाम से दान राशि बोली जाती तो बड़ा आनंद आता। अपना नाम स्टेज पर बुलवाने की होड़ में भी लोग दान राशि देते थे। आज भी पुरानी रामलीला मंचन की वे यादें मन में ताजा हैं।

दशहरा पर्व पर मेहंदीपुर बालाजी धाम पहुंची पदयात्रा



झज्जर। पदयात्रा के दौरान उपस्थित श्रीराम सेवा ट्रस्ट के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र के गांव डावला से मेहंदीपुर बालाजी धाम के लिए निकला श्रद्धालुओं का जत्था विजयदशमी के दिन धाम पहुंचा। जत्थे का नेतृत्व कर रहे श्रीराम सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं पूर्व सरपंच पंडित नंद किशोर वशिष्ठ ने बताया कि बालाजी धाम पहुंचने के उपरांत मंदिर में पूजा-अर्चना कर सभी श्रद्धालुओं ने मन्नत मांगी। उन्होंने बताया कि यह पदयात्रा बीते मंगलवार को डावला गांव से मेहंदीपुर बालाजी धाम के लिए रवाना हुई थी।

इस पैदल यात्रा में ट्रस्ट अध्यक्ष पंडित नंद किशोर वशिष्ठ के अलावा बेरी से प्रमोद कुमार वर्मा, महेश पेंटर, नरेंद्र नीमली, आनंद कादियान, चांद, मीनू देवी, कौशल्या देवी, बाला देवी सहित अन्य श्रद्धालु भी शामिल रहे।



झज्जर। सुरुचि फोगाट को सम्मानित करते हुए जेजेपी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़।

स्वर्ण पदक विजेता सुरुचि हुई सम्मानित

झज्जर। जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राकेश जाखड़ ने स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी सुरुचि फोगाट को सम्मानित कर उनकी उपलब्धि पर गर्व जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश का नाम रोशन किया है। खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक खेल सुविधाएं और समय पर आर्थिक सहायता उपलब्ध करानी चाहिए। उन्होंने खेलो इंडिया जैसी योजनाओं के अंतर्गत प्रदेश के खिलाड़ियों को भी गुजरात के खिलाड़ियों के समान भत्ते, प्रशिक्षण सुविधाएं और अन्य संसाधन मुहैया कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को केवल पदक जीतने के बाद सम्मानित करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी तैयारी के दौरान भी सरकार को सहयोग देना चाहिए। सुरुचि फोगाट जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी अन्य युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। खिलाड़ियों को उचित अवसर और सुविधाएं देकर प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान जेजेपी के प्रवक्ता डॉक्टर विकास पाराशर ने भी सुरुचि को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आरएसएस के स्वयंसेवकों ने किया पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना एवं विजयादशमी उत्सव के अवसर पर बहादुरगढ़ के दोनों नगरों के 6 उपनगरों में 10 कार्यक्रम हुए। स्वयंसेवकों ने शास्त्र पूजन के उपरांत पथ संचलन में हिस्सा लिया। पूर्ण गणवेश में 248 स्वयंसेवक तथा 97 अन्य लोगों ने इसमें सहभागिता की।

लाइनपार के बगीची शिव मंदिर में अतिथि के रूप में बाजे भगत धर्मशाला के प्रधान जयभगवान उपस्थित रहे। जबकि वक्ता के रूप में डॉ रविप्रभात, दीपक श्रीवास्तव व मनोज सेठी ने वक्तव्य दिया। कार्यक्रम में पूर्ण गणवेश में 70 स्वयंसेवकों समेत 127 लोगों ने भाग लिया। जबकि विवेकानंद नगर में कसार, ओमेक्स, सेक्टर-2, सेक्टर-6, सेक्टर-7, दयानंद नगर, किला मोहल्ला, बालौर आदि स्थानों पर शस्त्र पूजन के कार्यक्रम हुए। सेक्टर-6 व 7 और दयानंद नगर के पथ संचलन में 117 स्वयंसेवको ने पूर्ण गणवेश तथा 68 अन्य ने भाग लिया। सेक्टर-6 व 7 में कार्यक्रम की अध्यक्षता विजय कालीरामन ने की और वक्ता भास्कर रहे। इन कार्यक्रमों के दौरान वक्ताओं ने सभी को सत्य, न्याय, धर्म और राष्ट्र-चेतना के महापर्व विजयादशमी की बधाई दी। आरएसएस के जिला प्रचार प्रमुख दीपक श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व अशांति और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। जबकि पिछले एक वर्ष में भारत ने अपनी सामर्थ्य, आत्मनिर्भरता और आक्रामक राष्ट्र-रक्षा नीति से पूरी दुनिया को प्रभावित किया है। भारत अपनी संप्रभुता से कोई समझौता नहीं करेगा। भारत ने स्वदेशी और आत्मनिर्भरता का मार्ग चुना है। हमें समाज को जाति, भाषा, प्रांत और संप्रदाय के नाम पर बांटने वालों से सावधान रहना होगा।



बहादुरगढ़। नगर में पथ संचलन करते आरएसएस स्वयंसेवक।

सुंदर लेखन से बच्चों ने बिखेरा हुनर



बहादुरगढ़। विजेता विद्यार्थियों के साथ आयोजक व अतिथि।

बहादुरगढ़। नवकृति अबेकस एंड वैदिक मैथ्स द्वारा बच्चों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा उनमें सुंदर लेखन, एकाग्रता और आत्मविश्वास विकसित करने के उद्देश्य से आयोजित अंग्रेजी हैंडराइटिंग प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया। डायरेक्टर कीर्ति चुग ने बताया कि प्रतियोगिता में 5 से 8 वर्ष आयु वर्ग में मिश्रिता गुप्ता ने प्रथम, रियांशा ने द्वितीय और रेयांश ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि 9 से 11 वर्ष आयु वर्ग में द्वितीय स्थान मानवी ने तथा तृतीय स्थान खनक ने प्राप्त किया। वहीं 12 से 15 वर्ष आयु वर्ग में काव्या ने प्रथम, अंशिका ने द्वितीय और कनिका टैगोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया और उनकी मेहनत की सराहना की गई। कार्यक्रम का मंच संचालन योग गुरु गुरमीत सिंह ने किया। वहीं मधु मित्तल भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि बच्चों में रचनात्मकता, अनुशासन, एकाग्रता और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करना भी आवश्यक है।

रोलर स्केटिंग में तृतीय स्थान पर रही सिद्धि



बहादुरगढ़। शहर के त्रिवेणी मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की आठवीं कक्षा की छात्रा सिद्धि ने प्रथम जिला रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में तृतीय स्थान प्राप्त किया। जिला रोलर स्केटिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सिद्धि ने अंडर-15 आयुवर्ग की इनलाइन स्केटिंग की 3 लैप रेस में तृतीय स्थान हासिल किया। स्कूल प्रधानाचार्या सुमित्रा महला ने सिद्धि को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास और खेल भावना का विकास करते हैं।

परनाला में 20 लाख से सड़क और 70 लाख से बनेगा नाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

विधायक राजेश जून ने परनाला गांव में 90 लाख रुपये की लागत से होने वाले विकास कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया। इनमें 20 लाख रुपए की लागत से गांव परनाला से एमआईई की ओर जाने वाली फिरनी वाली सड़क का निर्माण तथा 70 लाख रुपये की लागत से गांव में जल निकासी के लिए नाले का निर्माण शामिल है। कार्यक्रम में पहुंचने पर सरपंच प्रतिनिधि अशोक राठी सहित ग्रामीणों ने विधायक का स्वागत किया। विकास कार्य का शुभारंभ करते हुए विधायक राजेश जून ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सड़क, गलियों और जल निकासी जैसी बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। एमआईई की ओर जाने वाली सड़क के निर्माण से आवागमन सुगम होगा, वहीं नाले के निर्माण से गांव की जल निकासी व्यवस्था मजबूत होगी। इससे ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। विधायक राजेश जून ने ग्रामीणों से निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर नजर रखने की अपील की।



हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295154800, 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

साईज	संस्करण	विशेष छूट राशि
5 X 8 सें.मी 10X 8 सें.मी	स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर	रु. 2500/- रु. 3000/-

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

संजय व प्रदुमन की उपलब्धि से गांव में खुशी की लहर

एचसीएस में चयनित युवा हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

क्षेत्र गांव छुछकवास में एक सम्मान समारोह का आयोजन कर एचसीएस में चयनित गांव के दो होनहार युवाओं का सम्मान किया गया। सम्मान समारोह में मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित पूर्व मंत्री ओमप्रकाश धनखड़, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल, यादव सभा के प्रधान वीरेंद्र दरोगा ने एचसीएस में चयनित संजय यादव व प्रदुमन यादव को सम्मानित कर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस दौरान क्षेत्र के प्रबुद्धजनों और गांव की सरदारी ने दोनों नवनियुक्त एचसीएस अधिकारियों को फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान यादव सभा के उप-प्रधान महेंद्र यादव, विपणन समिति के चेयरमैन सतबीर यादव, चेयरमैन राजेंद्र शर्मा, राव उदयभान, डॉक्टर राजेश सिंगला, एचएस यादव, कप्तान सरपंच बीड़ छुछकवास, डॉक्टर मनोज यादव सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



दोनों का मुकाम हासिल करना गौरवपूर्ण

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ओम प्रकाश धनखड़ और संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल यादव ने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर संजय और प्रद्युमन ने जो मुकाम हासिल किया है, वह बेहद गौरवपूर्ण है। इन दोनों युवाओं ने न केवल अपने माता-पिता का बल्कि पूरे छुछकवास गांव और जिले का नाम रोशन किया है। इनकी यह सफलता क्षेत्र के अन्य विद्यार्थियों के लिए भी सिविल सेवा में जाने का मार्ग प्रशस्त करेगी।



भरत मिलाप व राजतिलक समारोह आज

बहादुरगढ़। शहर के किला मोहल्ला स्थित श्री संकट मोचन शिव हनुमान मंदिर चौक पर बुधवार की सायं भरत मिलाप व राज तिलक समारोह का आयोजन किया जाएगा। कलाकारों द्वारा भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। हर दिल मिलाप सभा की ओर से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस बारे में जानकारी देते हुए साहिल चावला ने बताया कि सभा की ओर से आयोजित इस चार दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत 18 अक्टूबर को हुई थी। अष्टमी व नवमीं को हनुमान स्वरूपों की नगर परिक्रमा कराई गई। मंगलवार को दशहरा कार्यक्रम हुआ और अब बुधवार की शाम भरत मिलाप व श्रीराम जी के राजतिलक समारोह का मंचन होगा। हरि सेवा दल के कलाकारों और सेवादारों द्वारा यह भव्य प्रस्तुति दी जाएगी। चावला ने बाया कि धार्मिक आयोजन में बच्चों ने भी रामभक्ति और सेवा भावना की मिसाल पेश की। सुशांत मदान, पार्थ आहूजा, आशु शर्मा, उद्धव कौशिक, सात्विक, यथार्थ गोस्वामी, घनश्याम गाबा, रौनक, पार्थ गोस्वामी, विक्रम सैनी, विशाल, अमन भारद्वाज, वाहेनूर नारंग, हन्नी मल्होत्रा, अंशु जाटव, सर्वज्ञ अरोड़ा, नीरव राठी, मोनित चावला, सुहान ग्रोवर, कनव और करण सहित अन्य बच्चों ने 21 दिन तक व्रत रखकर सेवाएं दीं।